INTERMEDIATE (IPC)
GROUP I - PAPER 2
BUSINESS LAWS, ETHICS
AND COMMUNICATION

NOV 2016

Roll No. ....

Total No. of Questions – 7

Total No. of Printed Pages – 16

Time Allowed – **3** Hours

Maximum Marks – **100**

JPS–H

Answers to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be valued.

Question No. **1** is compulsory.

Candidates are also required to answer any **five** questions from the remaining **six** questions.

In case any candidate answers extra question(s)/sub-question(s) over and above the required number, then only the requisite number of questions first answered in the answer book shall be valued and subsequent extra question(s) answered shall be ignored.

Wherever necessary suitable assumptions may be made and disclosed by way of note.

Marks

1. (a) 'N' an industrialist has been fighting a long drawn litigation with 'S' another industrialist. To support his legal campaign 'N' enlists the services of 'R' a legal expert stating that an amount of ₹ 5 lakhs would be paid, if 'R' does not take up the brief of 'S'. 'R' agrees, but at the end of the litigation 'N' refuses to pay. Decide whether 'R' can recover the amount promised by 'N' under the provisions of the Indian Contract Act, 1872. **5**

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) 'V' the transferee, acquired 300 Equity shares of ABC Limited from 'S', the transferor. But the signature of 'S', the transferor, on the transfer deed was forged. 'V' after getting the shares registered by the company in his name and subsequently sold 250 shares to 'X' on the basis of the share certificate issued by ABC Ltd. 'V' and 'X' were not aware of the forgery. Explain the rights of 'S', 'V' and 'X' against the company with reference to the aforesaid equity shares under the provisions of the Companies Act, 2013. 5

(c) What is meant by "Environmental Ethics" ? How does its non-adoption lead to 3P's viz., polluter pays principle ? Explain. 5

(d) What do you mean by consensus building in a group ? Briefly explain the efforts taken by mediators and facilitators in the consensus building process. 5

2. (a) (i) On 1st January, 2015, Arihant Industries Ltd. agreed with the employees for payment of an annual bonus linked with production or productivity instead of bonus based on profits subject to the limits of 30% of their salary wages during the relevant accounting year. It was also agreed by the employees that they will not claim minimum bonus stated under Section 10 of the Payment of Bonus Act, 1965. As per the aforesaid agreement the employees claimed bonus but the company refused to honour the agreement. On refusal of the company the employees moved to the court for relief. 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

Decide as per the provisions of the Payment of Bonus Act, 1965 whether the employees will get the relief. Also decide whether inspite of the aforesaid agreement whether the employees are still entitled to receive minimum bonus.

(ii) 'K' is an employee of Bannari Ltd., which works five days in a week. 'K' was not in continuous service during the financial year 2015-16. However, he worked only for 150 days and due to an accident arising in the course of his employment, he was on leave with full pay for 45 days. Referring to the provisions of the Payment of Gratuity Act, 1972 decide : 4

(1) Whether 'K' is entitled to gratuity payable under the Act ?

(2) Would your answer remain the same in case Bannari Ltd. works 6 days in a week ?

(b) Mr. Ram is a CEO of a pharmaceutical company. His R & D department, while experimenting with a chemical molecule, sees the possibility that the molecule may be developed into drug for a rare, painful, life-threatening genetic disease that afflicts one child only in ten million. But to develop the drug, his company, may have to invest huge sum of the shareholder's money, despite the drug not having wide salability. Is Mr. Ram confronted by an Ethical Dilemma ? If yes, how should he resolve the issue ? 4

(c) Explain the "Socio-psychological Barriers" to effective communication. 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

3. (a) (i) State with reasons whether the following agreements are valid or void under the provisions of the Indian Contract Act, 1872 : 4

(1) Vijay agrees with Saini to sell his black horse for ₹ 3,00,000. Unknown to both the parties, the horse was dead at the time of the agreement.

(2) Sarvesh sells the goodwill of his shop to Vikas for ₹ 10,00,000 and promises not to carry on such business forever and anywhere in India.

(ii) Explain the meaning of "Suit for Injunction" as per the provisions of the Indian Contract Act, 1872. 4

(b) "To maintain social contract between society and business, the trusteeship relations are essential." Discuss the role of business ethics in this reference. 4

(c) What is meant by "Emotional Intelligence" and "Emotional Quotient" ? State any six social competencies associated with Emotional Intelligence. 4

4. (a) (i) XYZ Company Ltd. at a general meeting of members of the company pass an ordinary resolution to buy-back 30% of its equity share capital. The Articles of the company empower the company for buy-back of equity shares. The company further decides that the payment for buy-back be made out of the proceeds of the company's earlier issue of equity shares. Explaining the provisions of the Companies Act, 2013, and stating the sources through which the buy-back of companies own shares be executed. Examine : 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(1) Whether company's proposal is in order ?

(2) Would your answer be still the same in case the company instead of 30% decide to buy-back only 20% of its equity share capital ?

(ii) When is a company required to issue a 'self prospectus' under the provisions of the Companies Act, 2013 ? Explain the law relating to issuing and filing of such prospectus. 4

(b) 'S', an hotelier was purchasing butter regularly from EDF Ltd. for the purpose of use in his hotel. There were defects in the goods in one of the purchase lot and as a result 'S' suffered loss of his share in competition in hotel industry. The hotelier 'S' sued the said company for this reason. The company contended that the goods were purchased for the commercial purpose therefore, not bound. Is it a valid contention ? Explain clearly the provisions of the Competition Act, 2002 in this regard. 4

(c) Explain clearly the different type of grapevine chains in an Informal Communication. 4

5. (a) (i) Discuss with reasons, in the following given conditions, whether 'M' can be called as a "holder" under the Negotiable Instruments Act, 1881 : 4

(1) 'M', the payee of the cheque, who is prohibited by a court order from receiving the amount of the cheque.

(2) 'M' the agent of 'Q', is entrusted with an instrument without endorsement by 'Q' who is the payee.

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(ii) 'F' by inducing 'G' obtains a Bill of Exchange from him fraudulently in his (F) favour. Later, he enters into a commercial deal with 'H' and endorses the Bill to him (H) towards consideration for the deal. 'H' takes the bill as a holder-in-due-course. 'H' subsequently endorses the bill to 'F' for value as consideration to 'F' for some other deal. On maturity the bill is dishonoured. 'F' sues 'G' for the recovery of the money. With reference to the provisions of the Negotiable Instruments Act, 1881, explain whether 'F' will succeed in this case. 4

(b) What are the provisions of the Companies Act, 2013, relating to the appointment of 'Debenture Trustee" by a company ? 4

(c) Write a short note on "Social Accountability 8000". 4

6. (a) SV Technologies Limited is proposing to convene a General Meeting of its members. Explain briefly the provisions of the Companies Act, 2013 relating to the procedure to be followed for transacting business of the general meeting through "postal ballot". 8

(b) What is an affidavit ? Draft an affidavit certifying that SF Ltd. does not have any tax dues to the Central Government. 4

(c) State whether the following statements are correct or incorrect : 4

(i) The shareholders of the company in general meeting cannot decrease the rate of dividend recommended by the Board of Directors.

© The Institute of Chartered Accountants of India

(ii) Debentures with voting rights can be issued only if permitted by Articles of Association.

(iii) A collateral agreement to the void agreement is also void.

(iv) If one party fails to perform his obligation within the stipulated time, where time is not the essence of the contract, the other party can always rescind the contract on this ground.

7. Answer any **four** of the following :

(a) Pioneer Mills Ltd. has been regularly depositing the Provident Fund contributions to the Government. Owing to adverse market conditions, the company suffered losses for the past two years. The company's management is considering the reduction of salary of the employees to reduce the companys' contribution to Provident Fund and instead, to pay compensatory allowance, so that the employees pay package remains the same. Explain in terms of the Employees' Provident Fund and Miscellaneous Provisions Act, 1952, whether the company can effect such reduction. 4

(b) The Articles of Association of XYZ Ltd. provides the Board of Directors has authority to issue bonds provided such issue is authorized by the shareholders by a necessary resolution in the general meeting of the company. The company was in dire need of funds and therefore, it issued the bonds to Mr. X without passing any such resolution in general meeting. Can Mr. X recover the money from the company ? Decide referring the relevant provisions of the Companies Act, 2013. 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(c) MNC Limited realised on 2nd May, 2016 that particulars of charge created on 12th March, 2016 in favour of a Bank were not filed with Registrar of Companies for Registration. What procedure should the company follow to get the charge registered with the Registrar of Companies ? Would the procedure be different if the charge was created on 12th February, 2016 instead of 12th March, 2016 ? Explain with reference to the relevant provisions of the Companies Act, 2013. 4

(d) State the elements which create discrimination in employment in business organizations. 4

(e) What is meant by Active Listening ? State the importance of active listening in the business communication skill. 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(Hindi Version)

उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं ।

वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है ।

शेष **छ**: प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

यदि कोई परीक्षार्थी निर्धारित संख्या से अधिक प्रश्न/भाग का उत्तर देता है, तो उत्तर-पुस्तिका में पहले किये गये निर्धारित प्रश्नों/भागों का ही मूल्यांकन किया जायेगा ।

निर्धारित संख्या के बाद वाले अतिरिक्त प्रश्नों/भागों के उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।

जहाँ आवश्यक हो उचित अनुमान किये जा सकते हैं तथा टिप्पणी द्वारा व्यक्त किये जा सकते हैं ।

Marks

1. (a) 'एन.' एक उद्योगपति, 'एस.' दूसरे उद्योगपति के साथ लम्बे समय से एक मुकदमा लड़ रहे हैं । अपनी कानूनी लड़ाई की सहायता हेतु एन., आर., एक कानूनी सलाहकार से यह कहते हुए सेवाएँ प्राप्त करता है कि वह उसको 5 लाख रूपये देगा, यदि आर., एस. का वाद नहीं लेगा । आर. सहमति प्रकट करता है, परन्तु मुकदमा समाप्त होने पर एन. भुगतान हेतु मना कर देता है । भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 के प्रावधानों के अन्तर्गत यह निर्णय कीजिए कि क्या आर., एन. से प्रतिज्ञा की गई राशि वसूल कर सकता है । **5**

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) 'V', हस्तान्तरण ग्रहणकर्ता, ने ABC लिमिटेड के 300 समता अंश हस्तान्तरणकर्ता 'S' से अधिग्रहीत किए । परन्तु हस्तान्तरण विलेख पर 'S', हस्तान्तरणकर्ता, के हस्ताक्षर जाली थे । 'V' ने कम्पनी द्वारा अंशों को अपने नाम पंजीकृत करवा लिए एवं ABC लिमिटेड द्वारा जारी किए गए अंश प्रमाणपत्र के आधार पर 250 अंश 'X' को बेच दिए । 'V' और 'X' को उस जालसाजी की जानकारी नहीं थी । कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत उक्त समता अंशों के सम्बन्ध में 'S', 'V' एवं 'X' के कम्पनी के विरुद्ध अधिकारों का विवेचन कीजिए । 5

(c) "पर्यावरणीय नीतिशास्त्र" से क्या अभिप्राय है ? इसको अनुमोदित न करने से 3P's की ओर कैसे अग्रसर होते हैं जैसा कि दूषित करने वाला भरता है सिद्धान्त ? विवेचन कीजिए । 5

(d) एक समूह में अनुकूलता का निर्माण से आप क्या समझते हैं ? अनुकूलता निर्माण प्रक्रिया में एक मध्यस्थ एवं सुगम बनाने वाले द्वारा किए गए प्रयासों का (efforts taken) संक्षिप्त विवेचन कीजिए। 5

2. (a) (i) 1 जनवरी, 2015 को अरिहन्त इण्डस्ट्री लिमिटेड नें अपने कर्मचारियों के साथ सम्बन्धित वित्तीय वर्ष में उनके वेतन का अधिकतम 30% वार्षिक बोनस लाभ के स्थान पर उत्पादन या उत्पादकता के आधार पर देने की सहमति प्रदान की । कर्मचारियों ने भी बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 की धारा 10 के अन्तर्गत दी जाने वाली न्यूनतम बोनस की राशि का दावा न करने की सहमति प्रकट की । अनुबन्ध के अनुसार कर्मचारियों ने बोनस का दावा प्रस्तुत किया परन्तु कम्पनी ने अनुबन्ध का पालन करने से मना कर दिया । कम्पनी द्वारा मना करने पर, कर्मचारी राहत हेतु न्यायालय में गए । 4

बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के प्रावधानों के अन्तर्गत यह निर्णय कीजिए कि क्या कर्मचारियों को राहत मिलेगी । यह भी निर्णय कीजिए कि क्या उक्त समझौते के बावजूद भी कर्मचारी न्यूनतम बोनस के हकदार है ।

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(ii) 'के.', बनारी लिमिटेड का एक कर्मचारी था, जो सप्ताह में 5 दिन कार्य करती है । वित्तीय वर्ष 2015-16 में 'के.' निरन्तर सेवा में नहीं था । लेकिन उसने मात्र 150 दिन कार्य किया और सेवा अवधि के दौरान दुर्घटना होने के कारण, वह 45 दिन के लिए पूर्ण वेतन सहित अवकाश पर था । उपादान भुगतान अधिनियम, 1972 के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए, निर्णय कीजिए कि 4

(1) क्या 'के.', अधिनियम के अन्तर्गत देय ग्रेच्यूटी पाने के लिए हकदार है ?

(2) क्या आपका उत्तर वही होगा यदि बनारी लिमिटेड सप्ताह में 6 दिन कार्य करती है ?

(b) मि. राम एक औषधीय कम्पनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) हैं । उनका शोध एवं विकास विभाग रसायन पर शोध करते हुए यह सम्भावना देखता है कि रसायन-कण को दवाई में परिवर्तित किया जा सकता है जो कि एक दुर्लभ, दर्दनाक एवं जीवन के लिए खतरनाक बीमारी को दूर कर सकती है । यह बीमारी करोड़ो में से एक बच्चे को होती है, परन्तु इस दवाई के निर्माण में कम्पनी को अंशधारकों की बड़ी राशि निवेश करनी पड़ेगी । इसके बावजूद कि इस दवाई की बिक्री ज्यादा मात्रा में नहीं हो सकती है । क्या मि. राम का नीति सम्बन्धी उलझन (Ethical Dilemma) से सामना होगा ? यदि हाँ, तो इस विषय को वह हल कैसे करेगा ? 4

(c) प्रभावी संचार में "सामाजिक – मनोवैज्ञानिक अवरोधकों (Socio-Psychological barriers)" का विवेचन कीजिए । 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

3. (a) (i) कारण सहित बताइयें कि भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्नलिखित करार (agreements) वैध है अथवा व्यर्थ । 4

(1) विजय, सैनी के साथ अपने काले घोड़े को ₹ 3,00,000 में विक्रय हेतु सहमत होता है । करार के समय दोनों पक्षकार इस बात से अनभिज्ञ हैं कि घोड़ा मर चुका है।

(2) सुरेश अपने दुकान की ख्याति विकास को ₹ 10,00,000 रूपयें में बेचता है एवं वादा करता है कि ऐसा व्यवसाय भारत में कभी भी एवं कहीं भी नहीं करेगा ।

(ii) भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 के प्रावधानों के अन्तर्गत निषेधाज्ञा हेतु वाद (Suit for Injunction) के अभिप्राय को स्पष्ट कीजिए । 4

(b) "समाज एवं व्यवसाय में सामाजिक सम्बन्ध बनाए रखने हेतु न्यासी सम्बन्ध आवश्यक हैं ।" इस सन्दर्भ में व्यावसायिक नीतिशास्त्र की भूमिका की व्याख्या कीजिए । 4

(c) "संवेगात्मक बुद्धि (Emotional Intelligence)" एवं "संवेगात्मक लब्धि (Emotional Quotient)" से क्या अभिप्राय है ? संवेगात्मक बुद्धि से जुड़ी कोई छ: सामाजिक दक्षताएँ बताइए। 4

4. (a) (i) XYZ कम्पनी लिमिटेड ने सदस्यों की साधारण सभा में अपनी 30 प्रतिशत समता अंश पूँजी को वापस खरीदने का साधारण संकल्प पारित किया । कम्पनी के अन्तर्नियम, कम्पनी को समता अंशों के वापस क्रय करने का अधिकार देते हैं । कम्पनी ने यह भी निर्णय किया कि कम्पनी द्वारा पूर्व में जारी किए गए समता अंशों की धनराशि में से अंशों के वापस क्रय हेतु भुगतान किया जाए । कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का विवेचन कीजिए एवं उन स्त्रोतों को बताइए जिससे कम्पनी द्वारा अपने अंशों के वापस क्रय को क्रियान्वयन किया जा सकता है । परीक्षण कीजिए : 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(1) क्या कम्पनी का प्रस्ताव सही है ?

(2) क्या आपका उत्तर समान होगा जब कम्पनी 30% के स्थान पर समता अंश पूँजी का केवल 20% वापस क्रय करना चाहती है ?

(ii) कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत कम्पनी को कब सेल्फ प्रविवरण (Self prospectus) जारी करना होता है ? ऐसे प्रविवरण के निर्गमन एवं दाखिला के सम्बन्ध में कानून को स्पष्ट कीजिए । 4

(b) 'एस.' एक होटल मालिक (hotelier), अपनी होटल के उपयोग के लिए EDF लिमिटेड से नियमित रूप से मक्खन क्रय करता था । उसके द्वारा क्रय किये गये एक खेप (lot) के माल में कुछ कमियाँ थीं और जिसके कारण होटल उद्योग की प्रतिस्पर्धा में, 'एस.' को नुकसान उठाना पड़ा । 'एस.' होटल मालिक, ने इस कारण से कम्पनी पर वाद प्रस्तुत किया । कम्पनी ने तर्क दिया कि माल वाणिज्यिक उद्देश्य से क्रय किया गया था अत: वह बाध्य नहीं है । क्या यह एक वैध तर्क (contention) है ? इस सम्बन्ध में प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 के प्रावधानों का स्पष्ट रूप से विवेचन कीजिए । 4

(c) अनौपचारिक संचार में अंगूरलता की विभिन्न कड़ियों का स्पष्ट रूप से विवेचन कीजिए । 4

5. (a) (i) कारण सहित विवेचना कीजिए कि क्या दी गई निम्नलिखित परिस्थितियों में 'एम.' विनिमय साध्य प्रलेख अधिनियम, 1881 के अन्तर्गत धारक कहा जा सकता है : 4

(1) 'एम.' जो चैक का धारक है, उस पर न्यायालय ने प्रतिबन्ध लगाया है कि वह चैक का भुगतान नहीं ले ।

(2) 'एम.' जो 'क्यू.' का ऐजेन्ट है, को एक विलेख 'क्यू' के द्वारा पृष्ठांकन किए बिना कि उसका धारक कौन है, सौंपा गया है ।

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(ii) 'एफ.', 'जी.' को प्रेरित करके कपटपूर्वक एक विपत्र अपने पक्ष (एफ.) में प्राप्त कर लेता है । तत्पश्चात् वह एच. के साथ एक वाणिज्यिक सौदे में प्रवेश करता है एवं सौदे के प्रतिफल के रूप में बिल का पृष्ठांकन उसकों (एच.) कर देता है । 'एच.' विपत्र को यथाविधि धारक (Hoder-in due course) के रूप में लेता है । इसके उपरान्त उस विपत्र को 'एच.' किसी दूसरे सौदे के मूल्य के प्रतिफल के रूप में 'एफ.' को पृष्ठांकित करता है । परिपक्वता पर विपत्र अनादरित हो जाता है । 'एफ.', 'जी.' धन की वसूली के लिए वाद प्रस्तुत करता है । विनिमय साध्य प्रलेख अधिनियम, 1881 के प्रावधानों के संदर्भ में यह बताइए कि क्या 'एफ.' अपने दावे में सफल होगा । 4

(b) एक कम्पनी में "ऋणपत्र न्यासियों" (Debenture trustee) की नियुक्ति के सम्बन्ध में कम्पनी अधिनियम, 2013 में क्या प्रावधान हैं ? 4

(c) 'सामाजिक जवाबदेही – 8000" पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । 4

6. (a) एस. वी. टेक्नोलोजीज लिमिटेड अपने सदस्यों की सामान्य सभा आयोजित करने हेतु प्रस्तावित कर रही है । कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत सामान्य सभा में "डाक मतपत्रों" (Postal Ballot) द्वारा किये जाने वाले व्यवसाय व्यवहारों हेतु पालन की जाने वाली प्रक्रिया सम्बन्धी प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए । 8

(b) एक शपथ-पत्र क्या है ? यह प्रमाणित करते हुए कि एस. एफ. लिमिटेड में केन्द्रीय सरकार का कोई कर बकाया नहीं हैं, एक शपथ-पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए । 4

(c) बताइए कि निम्नलिखित कथन सही हैं अथवा गलत : 4

(i) संचालक मण्डल द्वारा अनुशंसा की गई लाभांश की दर को सामान्य सभा में कम्पनी के अंशधारी कम नहीं कर सकते हैं ।

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(ii) यदि पार्षद अन्तर्नियम अनुमति देते हैं, केवल तब ही मताधिकार सहित ऋणपत्र जारी किये जा सकते हैं ।

(iii) व्यर्थ अनुबन्ध का एक सम्पार्शिवक (Collateral) अनुबन्ध भी व्यर्थ होता है ।

(iv) यदि एक पक्षकार निर्धारित समय में अपने वचन का निष्पादन करने में असफल रहता है, जहाँ समय अनुबन्ध का आवश्यक तत्त्व नहीं है, तो दूसरा पक्षकार इस आधार पर अनुबन्ध भंग कर सकता है ।

7. किन्हीं **चार** प्रश्नों का उत्तर दीजिए:

(a) पाइनियर मिल्स लिमिटेड नियमित रूप से सरकार को भविष्य निधि का अंशदान जमा करवा रही हैं । पिछले दो वर्षों से बाजार की विपरीत परिस्थितियों के कारण कम्पनी को हानि हो रही हैं । कम्पनी प्रबन्ध, कर्मचारी का भविष्य निधि में अंशदान कम करने के लिए, कर्मचारियों के वेतन में कटौती करने एवं बदले में क्षतिपूर्ति भत्ता का भुगतान करने का विचार कर रही हैं ताकि कर्मचारियों का पैकेज समान रहे । कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के प्रावधानों के संदर्भ में यह स्पष्ट कीजिए कि क्या कम्पनी ऐसी कटौती को प्रभावी कर सकती है । 4

(b) XYZ लिमिटेड के पार्षद अन्तर्नियम, संचालक मण्डल को बाण्डस् निर्गमित करने का अधिकार देते हैं बशर्ते कि कम्पनी की सामान्य सभा में आवश्यक संकल्प द्वारा ऐसे निर्गमन को अधिकृत किया गया हो । कम्पनी को कोष की अत्यधिक आवश्यकता है । अत: उसने सामान्य सभा में बिना संकल्प पारित किए 'X' को बाण्डस् जारी कर दिए । क्या 'X' कम्पनी से धनराशि वसूल कर सकता है ? कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों को उल्लेखित करते हुए निर्णय कीजिए । 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(c) MNC लिमिटेड को 2 मई, 2016 को यह एहसास हुआ कि उसने 12 मार्च, 2016 को जो प्रभार बैंक के पक्ष में उत्पन्न किया था, पंजीकरण हेतु कम्पनी पंजीकार को दाखिल नहीं करवाया है । कम्पनी पंजीकार के पास प्रभार, पंजीकृत करने हेतु कम्पनी को क्या प्रक्रिया अपनानी चाहिए ? क्या यह प्रक्रिया भिन्न होगी यदि प्रभार 12 मार्च, 2016 के स्थान पर 12 फरवरी, 2016 को उत्पन्न किया गया हो ? कम्पनी अधिनियम, 2013 के सम्बन्धित प्रावधानों के संदर्भ में विवेचन कीजिए । 4

(d) व्यावसायिक संगठनों में उन तत्त्वों को बताइए जो रोजगार में भेदभाव उत्पन्न करते हैं । 4

(e) सजग श्रवण (Active listening) से क्या अभिप्राय है ? व्यवसाय संचार कौशल में सजग श्रवण के महत्त्व को बताइए । 4

© The Institute of Chartered Accountants of India